# दि ओरिएन्टल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड

## सहायक की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा

## सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आप देने जा रहे हैं उस ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपकी परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में निम्नानुसार वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां होंगी :

| अनु. क्र. | प्रश्नावली | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तर्कशक्ति | 40 | 50 | कुल मिलाकर समय 120 मिनट |
| 2. | अंग्रेजी भाषा | 40 | 50 | |
| 3. | सामान्य सचेतता | 40 | 50 | |
| 4. | कंप्यूटर ज्ञान | 40 | 50 | |
| 5. | आंकिक क्षमता | 40 | 50 | |
| | **कुल** | **200** | **250** | |

परीक्षा के लिए समय 120 मिनट है; तथापि लागिंग इन, बुलावापत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि के सहित आपको परीक्षा स्थल में लगभग 180 मिनट रहना पड सकता है । अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । इन 120 मिनट के भीतर आप किसी भी समय 1 से 200 में से किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । **अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में 1/4 अंक काट लिए जायेंगे ।**

ऑनलाइन परीक्षा के स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

(ii) समीकृत अंकों की गणना हेतु, विभिन्न सत्रों में हुई प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, कठिनाई में सूक्ष्म अंतर, यदि कोई है, का ध्यान रखने के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त संशोधित अंकों को समतुल्य किया जाता है ।*

*अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(iii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कटऑफ दो चरणों में लागू होते हैं ।

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नही किया गया हो ।**

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

### तर्कशक्ति

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं।

**प्र.1.** नीचे दी गई श्रृंखला में ऐसे प्रत्येक 5 की गिनती कीजिए जिसके तुरंत पहले 3 नहीं है किंतु तुरंत बाद 7 है । ऐसे कितने 5 हैं ?
1 5 7 3 5 7 4 7 3 7 2 5 6 5 8 5 7 4 5 6 5 5 7 1 5 7 7 5 5
(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4 (5) 5

**प्र.2.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में किंतु तोखडा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?
(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) तोखडा (5) बोपरी

**प्र.3.** हकलाने का वाणी से वही संबंध है जो बहरेपन का निम्नलिखित से है ?
(1) कान (2) श्रवणशक्ति (3) गुंगा (4) मौन (5) बोलना

**प्र.4.** इकतीस विद्यार्थियों की कक्षा में माधव का क्रमांक सत्रहवां है । अंत से उसका अंक क्रमांक क्या है ?
(1) 13 (2) 14 (3) 15 (4) 16 (5) 17

**प्र.5.** पौधे का पेड से वही संबंध है जो -------
(1) घोडे का घोडी से है (2) नदी का नाले से है (3) कली का फूल से है
(4) विद्यार्थी का शिक्षक से है (5) पेड का फर्नीचर से है

**प्र.6.** निम्नलिखित श्रृंखला मे प्रश्न चिह्न के स्थान पर कौनसा अक्षर आना चाहिए ?
G H J M ? V
(1) T (2) S (3) R (4) U (5) Q

### अंग्रेजी भाषा

इस परीक्षा का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है। व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधी प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी। नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं।

**Directions:** Pick out the most appropriate word from amongst the words given below each sentence to complete it meaningfully.

**Q.1.** He quickly glanced .............................. the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to (5) over

**Q.2.** The counsel urged the court to ........................... down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike (5) declare

**Q.3.** The local official .......................... the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told (5) intimated

**Directions :** Read each sentence given below to find out whether there is any grammatical error in it. The error, if any, will be in one part of the sentence. The number of that part of the sentence is your answer. If there is no error, the answer is 'No error'. (Ignore errors of punctuations, if any)

**Q.4.** I am twenty (1) / two years old (2) / when I first (3) / joined the bank. (4) No error (5)

**Q.5.** To the Hindus (1) / the Ganga is (2) / holier than (3) / any other river. (4) No error (5)

**Q.6.** Of all the teachers (1) / in our school (2) / our class teacher (3) / were very strict. (4) No error (5)

**Directions :**In each of the following questions select from amongst the five alternatives, the word **nearest in meaning** of the word given in capitals.

**Q.7.** CENTENARY

(1) a guard (2) a hundred years (3) a very old man (4) hundred runs (5) hundredth anniversary

**Q.8.** TRIUMPH

(1) conquer (2) smash (3) earn (4) brave (5) capture

**Directions :** In each of the following questions, select from amongst the five alternatives, the word **most opposite** in meaning of the word given in capitals.

**Q.9.** LIVELY

(1) simple (2) weak (3) dull (4) angry (5) moron

**Q.10.** INADVERTENT

(1) adequate (2) available (3) sluggish (4) negligent (5) intentional

उपर्युक्त प्रश्नों के अलावा अंग्रेजी में एक अनुच्छेद भी दिया जाएगा; जिससे आपकी बोधगम्यता को परखने का प्रयास किया जाएगा। आपको उस अनुच्छेद पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।

## सामान्य सचेतता

यह प्रश्नावली आपकी विगत एवं वर्तमान घटनाओं, सामाजिक वित्तीय विकास के साथ साथ बैंकिंग उद्योग में घटित घटनाओं के बारे में सचेतता के मापन के लिये है।

**प्र.1.** निम्नलिखित में से किस वित्तीय संस्थान ने बैंको के लिए **अपने ग्राहक को जानों** (know your customer) दिशानिर्देश शुरू की है ?

(1) आईडीबीआई (IDBI) (2) भा.रि.बैं. (3) नाबार्ड

(4) सिडबी (SIDBI) (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?

(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान (5) समाज सेवा

**प्र.3.** निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का प्रधानमंत्री है ?

(1) डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (2) श्री नरेंद्र मोदी (3) श्रीमती सोनिया गांधी

(4) श्री अटल बिहारी बाजपेयी (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** निम्नलिखित में से किस बीमा कंपनी का मुख्यालय चेन्नई में स्थित है ?

(1) नेशनल इन्श्योरेंस कंपनी (2) भारतीय जीवन बीमा निगम

(3) भारतीय साधारण बीमा निगम (4) युनाइटेड इंडिया इन्श्योरेंस कंपनी

(5) न्यू इंडिया एश्योरेंस

**प्र.5.** IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?

(1) Indian (2) International (3) Insurance (4) Income (5) Institute

## कंप्यूटर ज्ञान

यह प्रश्नावली आपके कंप्यूटर ज्ञान के मापन के लिये है।

**प्र.1.** ------ कंप्यूटर का एक आउटपुट डिवायस है ।

(1) प्रिन्टर (2) CPU (3) मानीटर (4) की बोर्ड (5) CD

**प्र.2.** RAM का पूरा रुप क्या है ?

(1) Random Adaptive Mouse (2) Random Adaptive Memory (3) Random Access Memory

(4) Random Access Mouse (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** असंगत का चयन कीजिए।

(1) मॉनिटर (2) कुंजी पटल (3) फ्लापी ड्राइव (4) विन्डोज (5) हार्डडिस्क ड्राइव

## आंकिक क्षमता

इस परीक्षा के माध्यम से संख्या संबंधी गणनाओं आदि में आपकी गति एवम् सटीकता की जाँच की जाएगी।

**प्र.1.** 10 रुपये प्रति नींबू के भाव से 6 नींबूओं की कीमत कितने रुपये होगी ?

(1) 6 (2) 10 (3) 60 (4) 61 (5) 610

**प्र.2.** निम्नलिखित में से कौनसा अंक 4 का सही गुणक है ?

(1) 27114 (2) 58204 (3) 48402 (4) 32286 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.-6 निर्देश :** निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक संख्या नहीं दी गयी। उस संख्या के स्थान पर प्रश्नचिह्न (?) लगा दिया गया है। आपको यह बताना है कि प्रश्न चिह्न के स्थान पर उत्तर संख्या 1, 2, 3 और 4 में से कौन सी आएगी। यदि इन चारों में से कोई भी ठीक न हो तो आपका उत्तर होगा (5) अर्थात् 'दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य'।

**प्र.3.** $42 + 73 + 137 = ?$

(1) 352 (2) 252 (3) 242 (4) 142 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** $20 \times \frac{1}{2} = ?$

(1) 4 (2) 5 (3) 12 (4) 20 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5.** $0.7 \times 0.5 = ?$

(1) 35 (2) 0.35 (3) 0.0035 (4) 0.035 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** 15 : 25 : : 6 : ?

(1) 9 (2) 10 (3) 30 (4) 15 (5) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**(अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैर्टन का विवरण :**

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी।

(2) अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे। प्रश्न के पांच उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **उम्मीदवार को सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो उसे उपयुक्त/सही लगता है। क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा। घड़ी पूरी तरह चल जाने पर परीक्षा का समय स्वत: पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है।

(5) स्क्रीन पर दांए प्रश्न पैलेट प्रत्येक क्रमांकित प्रश्न का निम्नलिखित में से एक स्टेटस दर्शाता है :



आप इस प्रश्न तक नहीं पहुंचे हैं



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है



आपने इस प्रश्न का उत्तर दिया है किंतु रिव्यू के लिए मार्क किया है

रिव्यू के लिए मार्क स्र्टटस महज रिमाइंडर का काम करता है कि आपने फिर से देखने के लिए प्रश्न सेट किया है। रिव्यू के लिए मार्क किए गए प्रश्न का उत्तर चुना जाता है तो इस उत्तर पर अंतिम मूल्यांकन में सम्मिलित किया जाएगा।

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

a. उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है।

b. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक कीजिए।

c. वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक कीजिए।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक कीजिए।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक कीजिए।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए ।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि मार्कड फोर रिव्यू प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'सेव' या 'रिव्यू के लिए मार्क' किए गए हैं, सिर्फ वही प्रश्न मूल्यांकन के लिए कन्सिडर किए जाएंगे ।**

(14) स्क्रीन के टॉप बार पर सेक्शन्स डिस्प्ले किए जाएंगे । सेक्शन के नाम पर क्लिक करके सेक्शन्स के प्रश्न देखे जा सकते हैं । जो सेक्शन आप देखेंगे वह हाइलाइट होगा ।

(15) किसी सेक्शन के अंतिम प्रश्न पर **Save & Next** बटन क्लिक करने के बाद आप आटोमैटिकली अगले सेक्शन के पहले प्रश्न पर पहुंच जाएंगे ।

(16) सेक्शन के प्रश्नों के स्टेटस को देखने के लिए सेक्शनों के नामों पर आप माउस कर्सर मूव कर सकते हैं ।

(17) आपकी सुविधानुसार परीक्षा के दौरान आप कभी भी सेक्शनों और प्रश्नों के बीच शफल कर सकते हैं ।

(18) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार कंपनी द्वारा निर्णीत अवधि के लिए पारीक्षाओं में बैठने से डिबारमेंट के लिए पात्र होगा।

(19) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी क्वेरी (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(20) 120 मिनट की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर जांच पाएंगे। उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वत: सेव कर लिए जाएंगे ।

(21) **कृपया नोट करें :-**

(a) **परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को "फाइनली सबमिट" करने नहीं दिया जाएगा ।**

(b) **एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड की किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया बुलावा पत्र में तारीख, समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पृष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें ।

(3) आपका हाल ही का पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ चिपकाकर बुलावा पत्र अपने साथ परीक्षा स्थल पर लाया जाना चाहिए । (अच्छा होगा कि वही फोटो चिपकायें, जिसे पंजीकरण के समय अपलोड किया गया हो ।)

(4) परीक्षा स्थल पर टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर और कंपनी प्रतिनिधि के निर्देशों का आपको निष्ठापूर्वक पालन करना चाहिए । आप निर्देशों का उल्लंघन करेंगे तो आपको अयोग्य ठहराया जाएगा और परीक्षा स्थल छोड़कर जाने के लिए कहा जाएगा ।

(5) परीक्षा के दौरान कैल्क्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोटस, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) आपके अपने फोटोग्राफ को इस बुलावे–पत्र पर चिपका कर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं – यह अनिवार्य है । कृपया यह बुलावा–पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी स्टेपल करके पर्यवेक्षक को सौंप दे । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण हैं–पैनकार्ड/पासपोर्ट/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर गजटेड अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/आधिकारीक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार कार्ड/कर्मचारी पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । **कृपया नोट करें – राशन कार्ड और ई–आधार कार्ड को वैध पहचान–प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि बुलावा पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्हों ने शादी के पश्चात अपने पहला/अंतिम/बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । बुलावा पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा ।

(7) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त **अंक** वास्तविक /वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है । नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ कंपनी उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(8) आपको अपने साथ एक बाल–पाइंट पेन लाना चाहिए । परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपके कागज का एक पन्ना दिया जाएगा । परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर को दे देना है ।

(9) परीक्षा के संचालन में किसी समस्या के आने की संभावना को पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता है जिसकी वजह से टेस्ट डिलिवरी और/या रिजल्ट प्रभावित हो सकता है । ऐसी स्थिति मे समस्या का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयत्न किया जाएगा, जिसमे यदि जरुरी हुआ तो फिर से परीक्षा ली जा सकती है । इस संबंध में परीक्षा संचालन संस्था का निर्णय अंतिम रहेगा । इस तरह के परीवर्तन को स्वीकारने के लिए अनिच्छुक अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त हो जाएगी ।

(10) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियो कि डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर किसी अभ्यर्थी के लिए नोड क्षमता कम है या कोई तकनीकी खामी होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(11) कृपया ध्यान दें, एक उम्मीदवार केवल एक बार ही ऑनलाइन परीक्षा दे सकता है । एक से अधिक बार परीक्षा देने पर उम्मीदवारी रद्द हो जाएगी । यदि अभ्यार्थी को एक से अधिक प्रवेश पत्र प्राप्त हो जाए तो वह परीक्षा में प्रवेश पत्र पर दिए गए समयानुसार केवल एक बार ही शामिल हो तथा अन्य प्रवेश पत्रों को लौटा दें ।

(12) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज–पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है ।

(13) चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में, उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना प्रदान करने और/अथवा प्रक्रिया का उल्लंघन करने के मामले में, उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और भविष्य में उसे कंपनी की किसी भी भरती प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं प्रदान की जाएगी । यदि ऐसे मामलें का वर्तमान चयन प्रक्रिया में पता नहीं चलता है लेकिन बाद में पता चलता है तो ऐसी अयोग्यता को पूर्वव्यापी प्रक्रिया से लागू किया जाएगा ।

## याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) मूल प्रति बुलावा पत्र जिस पर फोटो चिपका हुआ हो और फोटो ID कार्ड जैसे कि ऊपर 6 बिंदु में निर्धारित किया गया है ।

(2) एक बाल पाइंट पेन ।

आपको शुभकामनाएं